वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2017-18

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र)

Joint Electricity Regulatory Commission
(for the State of Goa and Union Territories)

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए)

वित्तीय वर्ष **2017–18**
के लिए

10वीं वार्षिक रिपोर्ट
(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अंतर्गत)

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए)
तीसरा एवं चौथा तल, प्लॉट नं. 55–56, पाथकाइंड लैब बिल्डिंग,
सेक्टर–18, उद्योग विहार, फेज–IV, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा)
वेबसाइट: www.jercuts.gov.in
ई–मेल: secy-jerc@nic.in

विषय–वस्तु

क्र.सं.	विषय–वस्तु	पृष्ठ सं.
	अध्यक्ष महोदय की डेस्क से	3
1.	**आयोग का संगठनात्मक ढांचा**	
1.1	प्रस्तावना	4
1.2	आयोग के सदस्यों का प्रोफाइल	5–6
1.3	आयोग का कार्यालय	7
1.4	संगठनात्मक संरचना	8
2.	**विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन आयोग की भूमिका**	
2.1	अधिनियम की प्रस्तावना	9
2.2	आयोग को अधिदेशित कार्य	9–10
3.	**वित्तीय वर्ष 2017–18 की विशेषताए**	
3.1	नए विनियमों का गठन/संशोधन	11
3.2	वित्त वर्ष 2018–19 के लिए एआरआर तथा टैरिफ का निर्धारण	12
3.3	जेईआरसी के क्षेत्राधिकार में विद्युत कंपनियों के महत्वपूर्ण मानक	13
3.4	राज्य सलाहकार समिति की बैठकें	14
3.5	याचिकाओं की स्थिति	15
3.6	विवादों और मतभदों का अधिनिर्णय	16–17
4.	**वार्षिक लेखा**	
4.1	आय एवं व्यय विवरण	18–19
4.2	शुल्क एवं प्रभार	20
5.	**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना**	20
6.	**आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना**	21–22
7.	**अनुलग्नक**	23–27

अध्यक्ष महोदय की डेस्क से

मुझे वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए) की दसवीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह वार्षिक रिपोर्ट विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के प्रावधानों के अनुपालन में तैयार की गई है, और इसमें वित्तीय वर्ष 2017–18 के वार्षिक खातों की झलक के साथ–साथ आयोग द्वारा की गई गतिविधियों का सारांश शामिल है; और इसके अलावा, आगामी वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए योजनाबद्ध गतिविधिया भी शामिल हैं।

मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आयोग ने पहली बार सभी नौ टैरिफ आदेश अधिनियम के अनुसार निर्धारित तिथि के भीतर, अर्थात् 31 मार्च, 2018 से पहले जारी किए, जिसमें वितरण उपयोगिताओं, जैसे कि गोवा, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, चंडीगढ़, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के लिए 7 वितरण खुदरा टैरिफ आदेश, पुडुचेरी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए एक उत्पादन टैरिफ ऑर्डर और दादरा और नगर हवेली की ट्रांसमिशन उपयोगिता के लिए एक ट्रांसमिशन टैरिफ ऑर्डर शामिल हैं। टैरिफ आर्डर जारी करने की प्रक्रिया में वित्त वर्ष 2018–19 के लिए खुदरा टैरिफ, पिछले वर्ष का ट्रू–अप लेखा परीक्षित खातों और पिछले वर्ष के अनुमानों के आधार पर वार्षिक निष्पादन समीक्षा शामिल है।

वर्ष के दौरान, आयोग ने ओपन एक्सेस पर अपने मौजूदा विनियमों को निरस्त करने के बाद जेईआरसी (अंतर–राज्यीय ट्रांसमि"ान एवं वितरण में कनेक्टिविटी और निबार्ध पहुंच) विनियम, 2017 को 14.03.2018 को अधिसूचित किया था। आयोग ने आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान नए आपूति कोड विनियम, नए जेईआरसी बहुवर्षीय टैरिफ विनियम वित्त वर्ष 2019–20 से वित्त वर्ष 2021–22 दूसरी नियंत्रण अवधि हेतु और नए सौर ऊर्जा ग्रिड से संबद्ध विनियमों को जारी/अधिसूचित करने की योजना भी बनाई है।

आयोग हमेशा से क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में विधिवत विचार करते हुए सरकार के राष्ट्रीय मिशन की तुलना में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास को सुविधाजनक बनाने में सक्रिय रहा है। इसके लिए आयोग ने सौर ऊर्जा ग्रिड से संबद्ध और मीटरिंग विनियमों को लागू किया है; और वित्त वर्ष 2017–18 के लिए सौर शुल्क भी जारी किया है। आयोग के पास स्वतः संज्ञान लेते हुए आरपीओ विनियमों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार उनकी नवीकरणीय क्रय बाध्यताओं को पूरा करने में कंपनियों के निष्पादन की निगरानी करने की भी व्यवस्था है। इसके अलावा, आयोग 100% उपभोक्ताओं की मीटरिंग सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों की मीटरिंग और बिलिंग स्थिति के मामले में अपनी ओर से सुनवाई भी कर रहा है। आयोग ने स्वतंत्र लोकपाल और उपभोक्ता शिकायत निवारण मंचों की समयबद्ध तरीके से नियुक्ति करके बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत को दूर करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।

आयोग बिजली क्षेत्र में स्वस्थ और अनुकूल माहौल बनाने के लिए परामर्श प्रक्रिया का पालन करता है, सुनवाई/सार्वजनिक सुनवाई और बैठक के माध्यम से उपभोक्ता संगठनों, उद्योग एसोसिए"ानों, बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दो पर निरंतर बातचीत करता है तथा उपयोगिताओं/राज्य सलाहकार समिति के साथ बैठकें करता है।

इस अवसर पर, मैं विद्युत मंत्रालय तथा जेईआरसी के दायरे में आने वाले क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों/गणमान्य व्यक्तियों का भी उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य समर्थन और सहयोग के लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगा।

एम. के. गोयल

एम.के.गोयल
अध्यक्ष

आयोग का संगठनात्मक ढांचा

1.1 प्रस्तावना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 83 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने दिल्ली को छोड़कर सभी संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 'संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग' नामक एक दो सदस्यीय (अध्यक्ष सहित) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग, जिसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित था, का गठन किया, जैसा कि दिनांक 2 मई, 2005 की अधिसूचना सं. 23/52/2003 – आरएंडआर द्वारा अधिसूचित किया गया। बाद में, गोवा राज्य के शामिल होने के बाद, आयोग को 'गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग' के नाम से जाना जाने लगा जो कि दिनांक 30 मई, 2008 की अधिसूचना सं. 23/52/2003 – आरएंडआर (खंड–II) द्वारा अधिसूचित किया गया। गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग ने अगस्त 2008 से कार्य करना आरंभ किया। आयोग का कार्यालय वर्तमान में हरियाणा के गुड़गांव नगर में एक किराए के भवन में अवस्थित है।

वर्ष के दौरान आयोग ने अपने क्षेत्राधिकार में गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में एक उचित, पारदर्शी और निष्पक्ष विनियामक प्रक्रिया स्थापित करने का प्रयास किया है। आयोग की 10वीं वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान आयोग की गतिविधियों को प्रस्तुत करती है।

आयोग के पास, विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत किसी जांच अथवा कार्यवाही के प्रयोजन से वही शक्तियां हैं जो अधिनियम की धारा 94 की उप–धारा (1) के अंतर्गत सूचीबद्ध विषयों के संबंध में दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत किसी सिविल न्यायालय में निहित हैं।

आयोग के समक्ष चलने वाली सभी कार्यवाहियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 193 और 228 के अर्थों के अंतर्गत न्यायिक कार्यवाहियां माना जाता है और दंड संहिता प्रक्रिया, 1973 को धारा 345 और 346 के प्रयोजन के लिए आयोग को एक सिविल न्यायालय माना जाता है। आयोग को विद्युत उत्पादन कंपनियों और लाइसेंस जारीकर्ताओं के बीच उत्पन्न होने वाले सभी विवादों का निर्णय करने अथवा इनकी मध्यस्थता करने और इनका निपटान करने के लिए माध्यस्थ मनोनीत करने की संपूर्ण अधिकारिता है।

1.2 आयोग के सदस्यों का प्रोफाइल

श्री एम.के.गोयल
अध्यक्ष

श्री एम.के. गोयल ने 17 फरवरी 2017 को गोवा राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला।

कानपुर विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री गोयल को विभिन्न विद्युत क्षेत्र का 37 वर्ष से अधिक का अनुभव है। जेईआरसी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, वे पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे, जो एक नवरत्न पीएसयू है ओर देश का सबसे बड़ा एनबीएफसी है। उनके पास पीएफसी में पॉवर फाइनेंसिंग का लगभग 28 वर्ष, और 1988 में पीएफसी में शामिल होने से पहले एनएचपीसी में 9 वर्ष का बिजली उत्पादन का अनुभव है। उनके पास पीएफसी में बोर्ड स्तर का 9 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

सीएमडी, पीएफसी के रूप में उनके नेतृत्व में, बिजली क्षेत्र में कड़ी चुनौतियां होने के बावजूद, पीएफसी ने वित्तीय और परिचालन निष्पादन में बढ़ोतरी सहित व्यापार में वृद्धि दर्ज की है। परिणामस्वरूप, 31.03.2016 को निवल मूल्य (सभी भंडार) के आधार पर पीएफसी देश में सबसे बड़ा एनबीएफसी है और डीपीई सर्वेक्षण 2016 के अनुसार लाभ अर्जित करने वाला 5वां सबसे बड़ा पीएसयू है। उन्होंने वित्त वर्ष 2013–14 और वित्त वर्ष 2014–15 के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी समझौता–ज्ञापन लक्ष्यों की प्राप्ति भी सुनिश्चित की है, जिसमें सीएमडी के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान पीएफसी को लगातार 2 वर्ष तक 1.00 का उच्चतम समझौता–ज्ञापन अंक प्राप्त हुआ था।

उन्होंने भारत सरकार की पहल की अगुवाई करते हुए विभिन्न विद्युत क्षेत्र सुधार कार्यक्रमों को भी आगे बढ़ाया, जिसमें एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस), उदय, 24x7 सभी के लिए बिजली आदि शामिल थे। उन्होंने यूएमपीपी, आईटीपी, यूएमपीपी बोली दस्तावेजों की समीक्षा आदि जैसी भारत सरकार की अन्य पहलों के कार्यान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने नीतिगत और विनियामक क्षेत्रों से संबधित विभिन्न समितियों में महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में बिजली क्षेत्र और वित्तीय उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है (1) नीतिगत मुद्दों पर सीईआरसी को सलाह देने के लिए 'केंद्रीय सलाहकार समिति' (सीएसी) (2) सीईए द्वारा गठित राष्ट्रीय विद्युत योजना के लिए 'निधियों की आवश्यकता', (3) विनियामक परिवर्तनों आदि के लिए आरबीआई के साथ वित्त–पोषण के मुद्दों को उठाने के लिए 'वित्त–पोषण के बुनियादी ढांचे पर उच्च स्तरीय समिति'।

श्रीमती नीरजा माथुर
सदस्य

वर्ष के दौरान, श्रीमती नीरजा माथुर ने दिनांक 26.08.2015 से संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए) के सदस्य का कार्यभार संभाला। पहले, श्रीमती नीरजा माथुर 01.11.2013 से 31.12.2014 तक केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष पद पर रहीं। सीपीईएस कैडर की अधिकारी, श्रीमती नीरजा माथुर जुलाई 1979 में संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक निदेशक के रूप में सीईए में शामिल हुई थी और उनके पास सीईए में विभिन्न पदों पर अपने व्यापक और विविध कार्य अनुभव के दौरान विद्युत क्षेत्र के विकास में लगभग 34 वर्षों का बहुआयामी अनुभव है। श्रीमती नीरजा माथुर आईआईटी, रूड़की से स्नातक डिग्री तथा आईआईटी, दिल्ली से एम.टेक डिग्री के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की विधा में एक तकनीकी प्रोफेशनल हैं।

विद्युत प्रणाली संरक्षण और इंस्ट्रूमेंटेशन तथा पारेषण योजनाओं के क्षेत्र में आरंभिक कार्यकाल में, श्रीमती नीरजा माथुर ने विद्युत क्षेत्र में योजना, लोड डिस्पेच और दूरसंचार सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य किया। समेकित संसाधन योजना प्रभाग में निदेशक और मुख्य अभियंता के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्रीमती नीरजा माथुर अल्पावधि और दीर्घावधि दोनों प्रकार के उत्पादन योजना और लोड पूर्वानुमान से संबद्ध रही। देश में समेकित संसाधन नियोजन के लिए पंचवर्षीय योजना अवधियों के लिए राष्ट्रीय विद्युत योजना और कार्यकारी समूह रिपोर्टें तैयार करने में वे काफी सक्रिय रहीं। उन्होंने विस्तृत रूप से 11वीं योजना और 12वीं और 13वीं योजना के परिप्रेक्ष्य में अप्रैल 2007 में प्रकाशित राष्ट्रीय विद्युत योजना तैयार करने में कारगर भूमिका अदा की। प्रचालन निगरानी प्रभाग के मुख्य अभियंता के रूप में, उन्हें देश में विद्युत स्टेशनों की ईंधन निगरानी ओर ईंधन की उपलब्धता से संबंधित मुद्दों के समाधान का कार्य सौंपा गया।

श्रीमती नीरजा माथुर ने ग्रिड प्रबंधन, वितरण प्रणाली कार्यशीलता और उत्पादन इकाइयों के प्रचालन निष्पादन की जिम्मेदारी के साथ 1 मार्च, 2013 से सदस्य (ग्रिड प्रचालन एवं वितरण), सीईए और भारत सरकार के पदेन अपर सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 1 नवम्बर 2013 से सीईए के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल में, श्रीमती नीरजा माथुर पूर्णरूप से देश के विद्युत क्षेत्र के सभी पहलुओं के समग्र नियोजन और समन्वय में शामिल रहीं। उन्होंने उत्पादन क्षमता बढ़ाने और वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने के साथ ही पारेषण प्रणाली के अनुरूप विकास को सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया।

सीईए के अध्यक्ष के पद से संलग्न जिम्मेदारियों के भाग रूप में, श्रीमती नीरजा माथुर केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) के महत्वपूर्ण मामलों से, सोईआरसी की पदेन सदस्य के रूप में जुड़ी रही थीं। अपनी व्यावसायिक कौशल की वजह से, वे विद्युत क्षेत्र से संबद्ध महत्वपूर्ण समितियों/समूहों की अध्यक्ष/सदस्य रही हैं।

1.3 आयोग का कार्यालय

आयोग 1 दिसंबर, 2018 से गुड़गांव, हरियाणा में उद्योग विहार में पाथकाइंड लैब बिल्डिंग में स्थित किराए के परिसर के माध्यम से प्रचालन करता है। आयोग का कार्यालय लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) से जुड़ा हुआ है, जो कोई उपयोगी संदभ जानकारी हासिल करने के लिए उपयोगी है। आयोग की अपनी वेबसाइट (www.jercuts.gov.in) है, जिसका इसके सचिवालय द्वारा नियमित रूप से रखरखाव और अपडेट किया जाता है। इस वेबसाइट का प्रयोग याचिकाओं, प्रारूप और अंतिम चरण वाले आयोग के विनियमों और आदेशों, याचिकाओं पर जनता और हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित करने, प्रारूप वनियिमों, सुनवाई/जनता सुनवाई अनुसूची, समाचार, अद्यतन स्थिति इत्यादि को अपलोड करने के लिए किया जाता है। यह उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरमों और लोकपाल पर जानकारी भी प्रदान करता है।

जेईआरसी, गुरुग्राम के कोर्ट रूम में सुनवाई

1.4 संगठनात्मक संरचना

स्वीकृत और कार्यरत कर्मचारी संख्या के आधार पर संगठनात्मक संरचना निम्न प्रकार से है:



* रिक्त

2. विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत आयोग की भूमिका

2.1 अधिनियम की प्रस्तावना

विद्युत अधिनियम, 2003 का उद्देश्य उत्पादन, पारेषण, वितरण, व्यापार और प्रयोग से संबंधित कानूनों को सुदृढ़ बनाना तथा सामान्यतः विद्युत उद्योग के विकास, उसमें प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने, उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण तथा पारदर्शी नीतियों को सुनिश्चित करते हुए विद्युत टैरिफों को युक्तिसंगत बनाकर सभी क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति के लिए अनुकूल उपाय करना है।

2.2 आयोग को अधिदेशित कार्य

विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत जेईआरसी गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में, सस्ती दरों पर विद्युत की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी को पूरा करते हुए सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक सक्षम और आर्थिक रूप से व्यावहारिक विद्युत प्रणाली का सृजन करने के प्रति प्रतिबद्ध है तथा गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में लाइसेंसधारकों और उत्पादन कंपनियों के हितों की रक्षा करने के साथ–साथ उपभोक्ताओं को उचित व्यवहार प्रदान करने के अपने दायित्वों के निर्वहन में पारदर्शिता, जवाबदेही, समानता और भागीदारी के सिद्धांतों से प्रेरित है। उपरोक्त की प्राप्ति के लिए, आयोग को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1) के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य करने का अधिदेश दिया गया है:

क) यथास्थिति, राज्य के अंदर थोकबिक्री, बल्क या खुदरा में विद्युत उत्पादन, आपूर्ति, पारेषण, चक्रण के लिए टैरिफ निर्धारित करना;

बशर्ते कि जहां उपभोक्ताओं की किसी श्रेणी को धारा 42 के अंतर्गत ओपन एक्सेस प्रदान किया गया हो, तो राज्य आयोग उपभोक्ताओं की उक्त श्रेणी के लिए केवल चक्रण प्रभार और उस पर अधिभार, यदि कोई हो, का निर्धारण करेगा;

ख) वितरण लाइसेंसधारकों की विद्युत क्रय और अधिप्राप्ति प्रक्रिया को विनियमित करना, जिसमें वह मूल्य भी शामिल है, जिस पर राज्य के भीतर विद्युत के वितरण और आपूर्ति के लिए उत्पादक कंपनियों अथवा लाइसेंसधारकों अथवा विद्युत की खरीद के लिए करारों के माध्यम से अन्य स्रोतों से बिजली अधिप्राप्त की जाएगी;

ग) विद्युत के अंतर्राज्यीय पारेषण और चक्रण को सहायता प्रदान करना;

घ) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के अंदर, उनके प्रचालनों के संबंध में पारेषण लाइसेंसधारकों, वितरण लाइसेंसधारकों और विद्युत व्यावसायियों के रूप में कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को लाइसेंस जारी करना;

ङ) ग्रिड के साथ संयोजनता तथा किसी व्यक्ति को बिजली के विक्रय के लिए उपयुक्त उपायों का प्रावधान करके नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत के सह–उत्पादन और उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा साथ ही, ऐसे स्रोतों से विद्युत की खरीद के लिए वितरण लाइसेंस के क्षेत्र में बिजली की कुल खपत का प्रतिशत निर्धारित करना;

च) लाइसेंसधारकों और उत्पादक कंपनियों के बीच विवादों का निर्णय करना तथा किसी अन्य विवाद को माध्यस्थम के लिए निर्दिष्ट करना;

छ) इस अधिनियम के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए शुल्क का उद्ग्रहण करना;

ज) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी) से सुसंगत राज्य ग्रिड संहिता विनिर्दिष्ट करना;

झ) लाइसेंसधारकों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, अनवरतता और विश्वसनीयता के संबंध में सन्नियमों को निर्दिष्ट अथवा प्रवर्तित करना;

ञ) यदि आवश्यक समझा जाए, तो विद्युत के अंतर्राज्यीय व्यवसाय में व्यवसाय संभावना को नियत करना;

ट) ऐसे अन्य कार्यों का निर्वहन जो अधिनियम के अंतर्गत इसे विनिर्दिष्ट किए जाएं। अधिनियम की धारा 86(2) के अनुसार, आयोग निम्नलिखित सभी अथवा इनमें से किसी एक मामले पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार को परामर्श देगा:

i) विद्युत उद्योग के क्रियाकलापों में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्ययता को प्रोत्साहित करना;

ii) विद्युत उद्योग में निवेश को प्रोत्साहित करना;

iii) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में विद्युत उद्योग का पुनर्गठन और पुनर्संरचना; और

iv) विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण और व्यवसाय से संबंधित मामले तथा सरकार द्वारा संयुक्त आयोग को निर्दिष्ट किया गया कोई अन्य मामला;

धारा 86(3) के संबंध में, आयोग अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा; और धारा 86(4) के अनुसार, अपने कार्यों के निर्वहन में विद्युत अधिनियम, 2003, राष्ट्रीय विद्युत नीति, राष्ट्रीय विद्युत योजना और टैरिफ नीति द्वारा आयोग का मार्गदर्शन किया जाएगा।

13.02.2018 को चंडीगढ़ में जन सुनवाई के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए माननीय अध्यक्ष

3. वित्तीय वर्ष 2017–18 की विशेषताएं

3.1 विनियमों की अधिसूचना/संशोधन

आयोग ने वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान निम्नलिखित विनियमों को अधिसूचित/संशोधित किया है ताकि आयोग के कारोबार का पारदर्शी और सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके तथा उनके अधिकार क्षेत्र में गोवा और केंद्र शासित प्रदेशों में विद्युत क्षेत्र में दक्षता को प्रोत्साहित किया जा सके।

(i) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय ट्रांसमिशन एवं वितरण में कनेक्टिविटी और निबार्ध पहुंच) विनियम, 2017 को दिनांक 14.03.2018 को अधिसूचित किया गया।

(ii) आयोग द्वारा संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (लोकपाल की नियुक्ति और कार्यप्रणाली) में तीसरी बार संशोधन किया गया, जिसे दिनांक 12.06.2017 को अधिसूचित किया गया।

3.2 वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ और वार्षिक राजस्व आवश्यकता का निर्धारण

आयोग ने टैरिफ आदेश जारी किए, जिसमें लेखा परीक्षित खातों के आधार पर पिछले वर्ष(वर्षों) के लिए ट्रू अप करना, प्राक्कलनों के आधार पर पिछले वष के लिए वार्षिक निष्पादन समीक्षा करना, तथा वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) में सं"ाोधन तथा वित्त वर्ष 2018–19 के लिए इसके अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाली उत्पादन, पारेषण और वितरण कंपनियों के लिए टैरिफ का निर्धारण करना शामिल है।

कंपनियों के सभी टैरिफ आदेश 31 मार्च, 2018 तक जारी किए गए थे; और उन्हें सभी विभागों द्वारा भली–भांति लागू किया गया है।

लक्षद्वीप में 01.03.2018 को टैरिफ के निर्धारण पर जन सुनवाई

3.3 जेईआरसी के क्षेत्राधिकार में बिजली कंपनियों के महत्वपूर्ण पैरामीटर :

वित्तीय वर्ष 2017-18								
क्र.सं.	विवरण	कंपनियां						
		चंडीगढ	गोवा	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	पुदुच्चेरी	दादर एवं नागर हवेली	दमन एवं दीव	लक्षद्वीप
1	उपभोक्ताओं की संख्या	228768	609207	131127	475584	71361	62497	24106
2	संयोजन भार (कि.वा./के.वी.ए. में)	1534113	2404243	201043	1323657	1654928	1027983	88313
3	ऊर्जा बिक्री (मि.यू.)	1591.48	3494.71	265.32	2535.58	5594.49	2084.14	60.66
4.	संशोधित टैरिफ से प्राप्त राजस्व (करोड़ रु.)	817.65	1563.67	151.71	1268.5	2173.56	862.78	34.18
5.	खुली पहुंच प्रभारों/एफपीपीसीए प्रभारों से राजस्व* (करोड़ रुपए)	109.96*	शून्य	शून्य	11.57	14.61	28.90	शून्य
6.	आपूर्ति की औसत लागत (एसीओएस) (रु./कि.वा.घ.)	5.08	5.28	18.47	5.00	4.47	4.21	19.91
7.	औसत टैरिफ (रु./कि.वा.घ.)	5.14	4.47	5.72	4.78	3.89	4.14	5.63
8.	कुल राजस्व अपेक्षा (करोड़ रु.)	808.85	1845.32	489.92	1362.03	2503.46	878.24	120.77
9.	वर्ष के लिए निवल (अंतर) /अधिशेष (करोड़ रु.)	118.76	(281.65)	(338.21)	93.53	315.29	6.95#	(86.59)
10.	टीएंडडी हानि (%)	12.75%	11.00%	15.34%	11.25%	4.70%	8.40%	12.75%
11.	क्षेत्रीय पारेषण हानि	4.21%	4.17%	अनुपलब्ध	2.15%	3.69%	3.69%	अनुपलब्ध
12.	एसीओज के प्रतिशत के तौर पर औसत टैरिफ (%)	101.18%	84.66%	30.99%	95.53%	87.02%	98.34%	28.28%
13.	एसीओज के % के तौर पर घरेलू	79.13%	65.32%	19.54%	51.3%	43.85%	40.38%	24.25%
14.	एसीओज के % के तौर पर वाणिज्यिक	120.67%	117.67%	40.82%	127.2%	72.04%	68.40%	42.55%
15.	एसीओज के % के तौर पर औद्योगिक	118.11%	112.53%	32.97%	123.2%	83.22%	91.69%	60.36%
16.	एसीओज के % के तौर पर कृषि	57.08%	38.48%	8.66%	7%	16.33%	15.44%	लागू नहीं
17.	कुल राजस्व के % के तौर पर घरेलू राजस्व	36.13%	17.37%	33.48%	14.8%	1.09%	2.26%	67.47%
18.	कुल राजस्व के % के तौर पर वाणिज्यिक राजस्व	36.71%	13.25%	32.48%	11.7%	0.48%	1.96%	29.90%
19.	कुल राजस्व के % के तौर पर औद्योगिक राजस्व	19.16%	66.04%	6.96%	70.7%	98.21%	94.97%	0.85%
20.	कुल राजस्व के % के तौर पर कृषि राजस्व	0.06%	0.33%	0.09%	0.2%	0.02%	0.04%	अनुपलब्ध

कास सब्सिडी उप–प्रभार की तुलना में 6.49 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई है।

3.4 राज्य सलाहकार समिति की बैठकें

जेईआरसी ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 87 के अनुसार वाणिज्य, उद्योग, परिवहन, कृषि, उपभोक्ताओं, गैर सरकारी संगठनों, शिक्षा और अनुसंधान के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक राज्य सलाहकार समिति का गठन किया है। आयोग निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करने के लिए एसएसी की बैठकें नियमित तौर पर आयोजित करता है:

i) नीतिगत प्रमुख प्रश्न;
ii) लाइसेंसधारकों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, निरंतरता और सीमा से संबंधित मामले;
iii) लाइसेंसधारकों द्वारा उनके लाइसेंसों की शर्तों और अपेक्षाओं का अनुपालन;
iv) उपभोक्ता हितों का संरक्षण;
v) बिजली की आपूर्ति और कंपनियों द्वारा निष्पादन के समग्र मानक।

वर्ष के दौरान आयोग ने एसएसी की दो बैठकें (12वीं और 13वीं बैठक) क्रमशः 07 जुलाई, 2017 को नई दिल्ली में और 01 फरवरी, 2018 को गोवा में आयोजित कीं।

3.5 वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान याचिकाओं की स्थिति

01.04.2017 को याचिकाएँ	3
वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान प्राप्त याचिकाएँ	31
वित्त वर्ष 2017–18 में कुल याचिकाएँ	34
वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान निपटाई गई याचिकाएं	34

1. 01.04.2017 को कुल याचिकाआ में आयोग द्वारा सतत् आधार पर स्वतः संज्ञान लिए गए दो मामले शामिल हैं (i) कंपनी की मीटरिंग और बिलिंग स्थिति के क्षेत्र में, जो लाइसेंसधारियों तथा उपभोक्ताओं/हितधारकों की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। लाइसेंसधारियों द्वारा लाइसेंसिंग और बिलिंग दिशा–निर्देशों का पूर्ण अनुपालन प्राप्त करने तक; और (ii) आयोग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए लाइसेंसधारियों और ओपन एक्सेस उपयोगकर्ताओं द्वारा नवीकरणीय खरीद बाध्यता के अनुपालन की निगरानी द्वारा राष्ट्रीय महत्व के एक अन्य मुद्दे के संबंध में यह एक सतत् याचिका है।

11.01.2018 को दीव में सार्वजनिक सुनवाई के दौरान का एक चित्र

3.6 विवादों और मतभेदों पर अधिनिर्णय

विद्युत अधिनियम, 2003 की प्रस्तावना में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा का विशिष्ट उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 42(5) में आयोग द्वारा निर्दिष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक वितरण लाइसेंसधारी द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए एक फोरम की स्थापना करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 42 की उप–धारा (6) में लोकपाल के रूप में एक प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जिसे आयोग द्वारा नियुक्त या नामित किया जाना है। बिजली का कोई भी उपभोक्ता, जो उप–धारा (5) के तहत अपनी शिकायत का समाधान न होने से पीड़ित है, लोकपाल को अपनी शिकायत के समाधान के लिए अभ्यावेदन कर सकता है।

• सीजीआरएफ की स्थापना

आयोग ने 31.07.2009 को संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए फोरम की स्थापना) विनियम, 2009 को पहले ही अधिसूचित कर दिया है, जिसमें क्रमशः 2013 और 2015 में दो बार संशोधन किया गया है।

गोवा और केन्द्र शासित प्रदेशा में वितरण लाइसेंसधारियों/विद्युत विभागों ने विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए इस संबंध में आयोग द्वारा अधिसूचित संबंधों के अनुसार उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ) की स्थापना की है। सभी क्षेत्रों में वर्तमान में कार्यात्मक सोजीआरएफ का विवरण **अनुलग्नक–1** में दिया गया है।

प्रत्येक सीजीआरएफ के पास विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन धारा 126 एवं 127 (बिजली का अनाधिकृत उपयोग), धारा 135 से 139 (बिजली की चोरी और उसके अधीन अपराध एवं दंड), और धारा 161 (दुर्घटना आदि की सूचना) को छोड़कर वितरण लाइसेंसधारी/विद्युत विभाग द्वारा प्रदान की जा रही बिजली के संबंध में उपभोक्ताओं की शिकायतों/समस्याओं पर विचार करने एवं उसके निपटाने का अधिकार है।

सभी सीजीआरएफ में उपभोक्ताओं द्वारा दाखिल की जाने वाली शिकायतों के लिए मॉडल प्रक्रियाए उपलब्ध कराई गई हैं और यह जेईआरसी वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। सीजीआरएफ को सलाह दी गई है कि वह उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों के निपटान के लिए उसके द्वारा बनाई गई प्रक्रियाओं के बारे में बताएं और इसे विभिन्न बिल संग्रह केन्द्रों और लाइसेंसधारी क उप–क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रदर्शित कर इसका प्रचार करें।

यह भी सलाह दी गई है कि शिकायतों के निपटान की प्रक्रियाओं की प्रतियां सीजीआरएफ के कार्यालयों में रखो जाए जिससे बिजली उपभोक्ता अपनी जानकारी एवं ज्ञान के लिए बिना किसी परेशानी के इसे प्राप्त कर सकें।

- वर्ष के दौरान सीजीआरएफ द्वारा निपटाई गई शिकायतें

सोजीआरएफ का क्षेत्राधिकार / सोजीआरएफ द्वारा निपटाई गई शिकायत	गोवा	चंडीगढ	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	लक्षद्वीप	दमन व दीव	पुड्डुचेरी	दादर एव नागर हवेल
पिछले वर्ष की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की सख्या	11	14	01	0	0	8	02
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की सख्या	47	225	20	19	2	53	24
वर्ष के दौरान निपटान की गई शिकायतों की सख्या	52	213	21	18	2	51	21
वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की सख्या	06	26	01	1	0	10	05
दा माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की सख्या	0	0	0	0	0	0	0
वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की सख्या	30	134	179	30	2	240	17

विद्युत लोकपाल

आयोग न 31.07.2009 को संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (लोकपाल की नियुक्ति और कार्यप्रणाली) विनियम, 2009 को पहले ही अधिसूचित कर दिया है, जिसे क्रमशः 2013, 2015 और 2017 में तीन बार संशोधित किया गया है।

आयोग ने गोवा राज्य और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह चंडोगढ़, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं द्वीव, लक्षद्वीप और पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गोवा राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक सांविधिक प्राधिकरण के रूप में विद्युत लोकपाल नियुक्त किया है। कोई भी उपभोक्ता जो सीजीआरएफ द्वारा उसकी शिकायत या समस्या के न निपटाए जाने से असंतुष्ट है तो उसके पास अपनी शिकायत/समस्या या विवाद को लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत करने का विकल्प है।

लोकपाल सबसे पहले शिकायतकर्ता और लाइसेंसधारी के बीच समझौता या मध्यस्था के माध्यम से आपकी सहमति द्वारा विवाद को निपटाने का प्रयास करता है लेकिन ऐसा न होने पर संबंधित पार्टियों अर्थात उपभोक्ता और लाइसेंसधारी विभाग के तर्कों के आधार पर विवाद के मामले पर निर्णय लेता है।

लोकपाल के समक्ष अपनी शिकायत जमा करने की विस्तृत प्रक्रिया बनाई गई है और इसे आयोग की वेबसाइट पर "उपभोक्ता सेवाएं" शीर्षक के तहत प्रदर्शित किया गया है।

वर्ष 2017–18 के दौरान, गोवा राज्य एवं चंडीगढ़, दादर एवं नागर हवेली, पुदुच्चेरी और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संघ राज्य क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत की गई 10 अभ्यावेदनों/अपीलों में से सभी 10 अपीलें उपभोक्ताओं के पक्ष में निपटाई गई। इन शिकायतों की संख्या एवं विषय–वस्तु **अनुलग्नक–2** में दी गई है।

4. आयोग के वार्षिक लेखे

पिछले वित्तीय वर्ष 2016–17 से संबंधित रु. 143.54 लाख की बचत के अग्रेनीत बकाया के अलावा, सहायता–अनुदान के रूप मे वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए बजट प्राक्कलन में रु. 575 लाख का बजट आबंटित किया गया था।

4.1 वर्ष 2017–18 के लिए रिकार्ड के अनुसार आय एवं व्यय का विवरण

क्र.सं.	विवरण	आय (रु. लाख)	व्यय (रु. लाख)
	हाथ में बकाया अग्रेनीत राशि	143.54	
क	आय:		
	अनुदानों / ऋणों / राजसहायता द्वारा भारत सरकार से (सहायता अनुदान) निम्नलिखित संस्वीकृति संख्या और तारीख को प्राप्त सहायता अनुदान **i. 47 / 6 / 2010–आर एंड आर 26.05.2017** **ii. 47 / 6 / 2010– आर एंड आर 05.02.2018** **कुल** **एफओआर से प्राप्त अंशदान / शुल्क** रायल्टी, प्रकाशन आदि द्वारा बचत खाते पर ब्याज **वितरण लाइसेंसधारी से लोकपाल व्यय की प्रतिपूति**	250.00 325.00 575.00 - - 11.73	
ख	**व्यय:**		
1.	वेतन (आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य)		49.45
2.	वेतन (अधिकारी एवं प्रतिष्ठान)		117.50
3.	व्यावसायिकों एवं अन्य सेवाओं के लिए भुगतान (क) व्यावसायिक (ख) अन्य सेवाए (i) कार्मिकों की आउटसोसिंग 57.77 (ii) हाउसकीपिंग कार्य के लिए आउटसोर्सिंग 3.46 (iii) सुरक्षा कार्मिकों की आउटसोर्सिंग 3.23		120.00 64.46
4.	घरेलू यात्रा	—	33.92
5.	विदेशी यात्रा	—	-
6.	सीपीएफ*	—	10.80

7.	विद्युत एवं ऊर्जा	—	--
8.	किराया दर एवं कर	—	24.28
9.	वाहन (वाहन का किराया)	—	19.74
10.	डाक, टेलीफोन एवं संचार शुल्क	—	3.80
11.	मुद्रण एवं लेखन सामग्री	—	2.26
12.	एफओआर/एफओआईआर आदि को शुल्क	—	14.14
13.	सेमिनार एवं बैठक		2.59
14.	कानूनी शुल्क	—	2.90
15.	विज्ञापन एवं प्रकाशन	—	13.28
16.	अन्यः क) कार्यालय व्यय 23.70 ख) बैंक प्रभार 0.16 ग) विविध -----	—	23.86
17.	मशीनरी एवं उपकरण	—	3.48
18.	फर्नीचर एवं फिक्चर	—	--
19.	लोकपाल पर व्यय	—	45.10
	कुल	730.27	**551.56**
	बैंक शेष	—	**178.71**
	कुल	**730.27**	**730.27**

* *सीपीएफ अध्यक्ष एवं सदस्य के संबंध में सरकारी अंशदान है।*

4.1 शुल्कों एवं प्रभारों का विवरण

वार्षिक लाइसेंस शुल्क

क्र.सं.	प्राप्ति की तारीख	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/अन्य	राशि (रु. में)
1.	02.05.2017	विद्युत विभाग, पुद्दुचेरी	1,60,40,000
2.	27.06.2017	विद्युत विभाग, चंडीगढ़	97,71,000
3.	06.06.2017	विद्युत विभाग, गोवा	1,72,00,000
4.	28.11.2017	डीएनएच पॉवर डिस्टीब्यू"ान कॉर्पोरे"ान लिमिटेड (2016–17)	1,83,80,000
5.	20.12.2017	विद्युत विभाग, पुद्दुचेरी (2018–19)	1,43,96,200
6.	22.03.2018	विद्युत विभाग, गोवा (2018–19)	1,50,75,000
		कुल	**9,08,62,200**

- **वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए याचिका शुल्क**

याचिका/विविध शुल्क के रूप में कुल रु. 2,86,70,219 (दो करोड़ छियासी लाख सत्तर हजार दो सौ उन्नीस रुपए) प्राप्त किए गए जिसका विवरण **अनुलग्नक–3** में दिया गया है।

5. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना का विवरण

श्रीमती रिंकु गौतम, निदेशक (वित्त एवं विधि) को आयोग के जन सूचना अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया था। वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त किए गए आवेदन और निपटाए गए आवेदनों का विवरण निम्नानुसार है:

प्राप्त आवेदन	07
निपटाए गए आवेदन	07
आवेदन जिसमें सूचना अस्वीकार की गई	शून्य

6. वर्ष के लिए कार्य–योजना

6.1 जेईआरसी विनियम

विद्युत क्षेत्र में ऐसे परिवर्तनों के कारण अधिनियम/नीतियों और/या प्रथाओं/प्रक्रिया में नवीनतम विकास/परिवर्तनों को देखते हुए विनियमों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में, निम्नलिखित विनियमों को जारी/संशोधन करने की परिकल्पना की गई है:–

1. आयोग ने 30.06.2014 को प्रथम नियंत्रण अवधि के लिए बहुवर्षीय वितरण टैरिफ विनियम जारी किए थे, जो 3 वर्ष की अवधि अर्थात वित्त वर्ष 2016–17 से वित्त वर्ष 2018–19 तक के लिए लागू थे। चूंकि पथम नियंत्रण अवधि समाप्त हो रही है, अतः आयोग द्वारा अगली नियंत्रण अवधि के लिए उत्पादन, पारेषण और वितरण कंपनियों हेतु बहुवर्षीय टैरिफ विनियम को वित्त वर्ष 2019–20 से वित्त वर्ष 2021–22 तक के लिए द्वितीय नियंत्रण अवधि के रूप में तैयार, जारी और अधिसूचित किया जाना आवश्यक है।

2. आयोग ने 20.05.2010 को जेईआरसी (विद्युत आपूर्ति संहिता) विनियम, 2010 जारी किए थे, जिन्हें बाद में समय–समय पर संशोधित भी किया गया था। बिजली क्षेत्र के परिवश में परिवर्तन और बिजली क्षेत्र में नवीनतम घटनाओं/अवधारणाओं को देखते हुए, विनियमों और उनमें संशोधन को समेकित किए जाने और मौजूदा विनियमों को निरस्त करके घटनाक्रमों के साथ तालमेल बनाए रखने तथा नए जेईआरसी (विद्युत आपूर्ति कोड) विनियमा को बनाने के लिए नए प्रावधान प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

3. आयोग ने 15.05.2015 को सौर ऊर्जा – ग्रिड कनेक्टेड ग्राउंड माउंटेड और सोलर रूफटॉप और मीटरिंग विनियम जारी किए हैं। ये विनियम 3 वर्षों की अवधि के लिए लागू थे और तदनुसार उनका कार्यकाल 14.05.2018 को समाप्त हो रहा है। तदनुसार, आयोग सौर के अलावा सभी नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत उत्पादन को कवर करने वाले व्यापक विनियमों को लागू करना चाहता है जो इसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में नवीकरणीय उत्पादन के विकास को गति प्रदान करेगा।

6.2 बहुवर्षीय व्यवसाय योजना आदेश को स्वीकृति

आयोग वित्तीय वर्ष 2019–20 से वित्त वर्ष 2021–22 तक सात वितरण लाइसेंसियों और एक पारेषण लाइसेंसधारी द्वारा अपने व्यवसाय योजना आदेशों को जारी करने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत व्यवसाय योजना याचिकाओं की जांच करेगा।

6.3 वार्षिक राजस्व आवश्यकताओं और वित्त वर्ष 2019–20 के लिए खुदरा टैरिफ का निर्धारण

आयोग पिछले वित्त वर्षों के लिए वार्षिक निष्पादन समीक्षा और ट्रू अप की जांच करेगा और बहुवर्षीय टैरिफ एआरआर और बहुवर्षीय टैरिफ ऑर्डर जारी करने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सात वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा वित्त वर्ष 2019–20 के लिए दायर टैरिफ का निर्धारण करेगा।

6.4 पारेशण टैरिफ आदेश जारी करना

बिजली विभाग–दादरा और नगर हवेली के लिए एमवाईटी पारेषण टैरिफ आदेश वित्त वर्ष 2019–20 से वित्त वर्ष 2021–22 के लिए जारी किया जाएगा।

6.5 उत्पादन टैरिफ आदेश जारी करना

पुडुचेरी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के लिए एमवाईटी उत्पादन टैरिफ आदेश वित्त वर्ष 2019–20 से वित्त वर्ष 2021–22 तक जारी किए जाएंगे।

6.6 राज्य सलाहकार समिति बैठक

जेईआरसी (राज्य सलाहकार समिति), विनियमन, 2009 के प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सलाहकार समिति की नियमित बैठकों की योजना बनाई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2018–19 में समिति की दो बैठकें आयोजित की जानी हैं।

अनुलग्नक–1

सभी संघ राज्य क्षेत्र में सीजीआरएफ का विवरण

क्र.सं.	सीजीआरएफ का नाम	सदस्य का नाम	सदस्य का नाम	कार्यालय पता	सम्पर्क नं.	ई–मेल
1	गोवा	1. श्री डी.जी. देशपाण्ड 2. रिक्त 3. श्रीमती सान्द्रा वेज ई कोरिया	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य	विद्युत भवन, चौथा तल, केटीसी स्टेंड के नज़दीक, मुडवेल, वोस्को डिगामा, गोवा–403802	8007275779 0832-2501836 09422063637	Adv.sandracorreia@gmail.com
2	अंडमान एव निकोबार द्वीपसमूह	1. श्री के.जी. रविन्द्रन 2. रिक्त 3. श्री बासुदेव दास	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य	सं. ईएल/03 एवं 04, हॉर्टिकल्चर रोड, हड्डो (पीओ) पोर्ट ब्लेयर-744102	03192-244822(O) 09679507141	Cgrf.and@nic.in andcgrf@rediffmail.com
3	चंडीगढ	1. श्री आर.के. साही 2. श्री जसविन्दर सिंह सिधु 3. श्री आदर्श जैन	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य सदस्य	पुरानी बीएंडआर बिल्डिंग, हरियाणा टैक्स टिब्यूनल के कार्यालय के निकट, सेक्टर 19–बी, चंडीगढ़	9646118108 (0172-2542012) 09872318618	chairpersoncgrf@gmail.com
4	दमन एवं दीव	1. श्री ए.पी. वागमारे 2. श्री टी.डी. दावडा 3. श्री एम.एन. कुलकणी	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य	पॉवर हाउस बिल्डिंग, सी फेसिंग रोड, नानी, दमन–395210	09833849653 0260-2992330 (O) 09978228900 09969143683	anil.india28@gmail.com tarundavda@rediffmail.com
5	दादर एव नागर हवेली	1. श्री बी.एन. मेहता 2. श्री सुनील इज़ारी 3. रिक्त	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य सदस्य	विद्युत विभाग, दादर एवं नागर हवेली, 66केवी सब–स्टेशन, अमली रोड, सिलवासा–396230	09825400184 09824106776	Chairperson-cgrf@rediffmail.com
6	लक्षद्वीप	1. श्री के.के. कुन्हीकृष्णन 2. श्रीमती सुनिधि ईस्माइल केआरबी 3. रिक्त	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य सदस्य	विद्युत सीजीआरएफ, पॉवर हाउस के निकट, कावारत्ती, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र - 682555	9961848808	Lk-ktelect@nic.in
7	पुदुच्चेरी	1. श्री के. रामासुब्रामणियन 2. श्री ए.एस. जितेन्द्र राव 3. श्री आई. एलविन ईमानुएल जयप्रकाश	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य सदस्य	नं. 6, 17वां क्रॉस स्ट्रीट, अन्ना नगर, पुदुच्चेरी–605 005	9961848808 0413-2201351 0413-2201451	cgrfpon@gmail.com

अनुलग्नक–2

वित्तीय वर्ष के दौरान विद्युत लोकपाल द्वारा निपटाए गए अभ्यावेदन/अपील

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रतिनिधित्व संख्या	विषय मामला	टिप्पणी
गोवा	03	1. बिल विवाद 2. बिल विवाद 3. बिल विवाद	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 2. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 3. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी
चंडीगढ	03	1. बिल विवाद 2. बिल विवाद 3. बिल विवाद	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 2. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 3. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी
दादर एवं नागर हवेली	01	1. बिल विवाद	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी
पुदुच्चेरी	02	1. बिल विवाद 2. बिल विवाद	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 2. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी
अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	01	1. बिल विवाद	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी

अनुलग्नक–3

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान प्राप्त याचिका शुल्क

क्र.सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विद्युत विभाग (ईडी)	याचिका की विशय–वस्तु	राशि (रुपए में)
1.	01.04.2017	मैसर्स एसपीसीए	दिनांक 13.01.2017 के आदेश की प्रमाणित प्रति प्रदान करने के लिए शुल्क	1,010/–
2.	24.04.2017	इडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	हैवलॉक द्वीप में मौजूदा बिजली घर की ग्रिड को चौबीसों घंटे बिजली की आपूर्ति करने के लिए 11 केवी जनरेशन वोल्टेज सहित डीजी सेट को किराए पर लेकर बिजली की खरीद के लिए समझौते की मंजूरी हेतु शुल्क	2,00,000/–
3.	24.04.2017	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	500 कि.वॉट इलेक्ट्रिक पावर देने के लिए 2X750 केवीए डीजी सेट को किराए पर लेकर बिजली की खरीद के लिए करार के अनुमोदन हेतु शुल्क	2,00,000/–
4.	17.05.2017	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	याचिका दायर करने में विलंब की माफी हेतु शुल्क	20,000/–
5.	29.05.2017	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	विविध याचिका दायर करने के लिए शुल्क	5,000/–
6.	29.06.2017	ईडी–चंडीगढ़	दिनांक 04.05.17 के टैरिफ ऑर्डर के संबंध में समीक्षा याचिका दायर करने के लिए शुल्क	1,71,593/–
7.	29.06.2017	डीएनएचपीडीसीएल	दिनांक 09.06.17 के टैरिफ आदेश के संबंध में समीक्षा याचिका दायर करने के लिए शुल्क	4,32,596/–
8.	04.07.2017	ओपन एक्सेस यूजर्स एसोसिएशन	याचिका दायर करने के लिए शुल्क	25,000/–
9.	13.07.2017 10.08.2017	मैसर्स वेलनोन पॉलीयस्टर लिमिटेड	दिनांक 29.05.17 के जेईआरसी टैरिफ आदेश में अधिसूचित क्रॉस सब्सिडी अधिभार निर्धारण की समीक्षा के लिए शुल्क	20,000/– 30,000/–
10.	10.08.2017	ईडी–चंडीगढ़	दिनांक 04.05.17 के टैरिफ आदेश के संबंध में	90,143/–

			समीक्षा याचिका दायर करने के लिए शुल्क	
11.	08.08.2017	मैसर्स एपीसीपीआई	याचिका दायर करने के लिए शुल्क	25,000/–
12.	05.09.2017	डीएनएचपीडीसीएल	जीएमआर वरोरा एनर्जी लिमिटेड के साथ पीपीए के लिए शुल्क	20,000/–
13.	18.09.2017	डीएनएचपीडीसीएल	डीएनएचपीडीसीएल के लिए वित्त वर्ष 2016–17 के ट्रू–अप की मंजूरी के लिए शुल्क	2,00,000/–
14.	11.09.2017	ओपन एक्सेस यूजर्स एसोसिए"ान	याचिका दायर करने के लिए शुल्क	35,000/–
15.	12.09.2017	डीएनएच का मैसर्स एपीसीपीआई	याचिका दायर करने के लिए शुल्क	30,000/–
16.	11.10.2017	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1X750 केवीए डीजी सेट की मंजूरी के लिए याचिका दायर करने हेतु शुल्क	2,00,000/–
17.	06.11.2017	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	ईडी–एएंडएन की 33 केवी ग्रिड को (i) **5 मेगावाट** (ii) **10 मेगावाट** और (iii) **15 मेगावाट** बिजली प्रदान करने के लिए एक डीजी पावर प्लांट को किराए पर लेकर बिजली की खरीद के लिए समझौते की मंजूरी हेतु याचिका (2,00,000/– प्रत्येक)।	6,00,000/–
18.	24.11.2017	पुद्दुचेरी पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड	वित्त वर्ष 2018–19 के लिए 32.5 मेगावाट गैस पावर स्टेशन के लिए टैरिफ याचिका दायर करने के लिए शुल्क	15,00,000/–
19.	06.12.2017	ईडी–चंडीगढ़	वित्त वर्ष 18–19 के लिए टैरिफ याचिका दायर करने के लिए समय के विस्तार के लिए शुल्क	20,000/–
20.	30.11.2017	ईडी–पुदुच्चेरी	वित्त वर्ष 2016–17 के लिए ट्रू–अप याचिका दायर करने, वित्तीय वर्ष 2017–18 के वार्षिक निष्पादन समीक्षा और वार्षिक राजस्व आवश्यकता की स्वीकृति तथा वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ का निर्धारण के लिए शुल्क	36,50,000/–

21.	08.12.2017	ईडी–गोवा	वित्त वर्ष 2013–14 के लिए ट्रू–अप याचिका दायर करने और वार्षिक राजस्व आवश्यकता को मंजूरी देने और वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ का निर्धारण करने के लिए शुल्क	36,44,930/–
22.	08.12.2017	डीएनएचपीडीसीएल	वित्त वर्ष 2016–17 के लिए ट्रू–अप याचिका दायर करने, वित्तीय वर्ष 2017–18 की वार्षिक निष्पादन समीक्षा और वार्षिक राजस्व आवश्यकता की स्वीकृति और वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ का निर्धारण के लिए शुल्क	61,76,867/–
23.	07.12.2017 15.12.2017	सुश्री श्रीसुरास इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड	धारा 63 के साथ पठित धारा 83 के अंतर्गत याचिका दायर करने के लिए शुल्क तथा निर्देशों के लिए ईए, 2003 के अन्य प्रावधान	1,000/– 4,000/–
24.	19.12.2017	डीएनएचपीडीसीएल	वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ याचिका दायर करने के लिए अतिरिक्त शुल्क	10,00,000/–
25.	19.12.2017	ईडी–डीएनएच ट्रांसमिशन	वित्त वर्ष 2014–15, वित्त वर्ष 2015–16 और वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए ट्रू–अप याचिका दायर करने और वार्षिक राजस्व आवश्यकता को मंजूरी देने तथा वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ का निर्धारण करने के लिए शुल्क	20,00,000/–
26.	22.12.2017	ईडी–दमन एवं दीव	वित्त वर्ष 2016–17, वित्त वर्ष 2017–18 और वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए ट्रू–अप याचिका दायर करने, वित्त वर्ष 2017–18 के वार्षिक निष्पादन समीक्षा और वार्षिक राजस्व आवश्यकता की स्वीकृति और वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ का निर्धारण के लिए शुल्क	23,78,500/–
27.	13.12.2017	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ याचिका दायर करने के लिए अतिरिक्त शुल्क	10,00,000/–
28.	02.01.2018	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं सीआरईएसटी	एक विशेष मामले के रूप में अनुमति देने की मांग के लिए याचिका शुल्क, जिसमें वाटर वर्क्स, चंडीगढ़ में सोलर पावर का सृजन हुआ	10,000/–
29.	15.01.2018	ईडी–चंडीगढ़	वित्त वर्ष 2016–17 के लिए ट्रू–अप याचिका दायर करने, वित्तीय वर्ष 2017–18 की वार्षिक निष्पादन समीक्षा और वार्षिक राजस्व आवश्यकता की स्वीकृति और वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ का निर्धारण के लिए शुल्क	27,14,580/–

30.	17.01.2018	सूर्यचक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड	5 वर्ष की आगामी अवधि के लिए दिनांक 20.11.17 के पीपीए को बढ़ाने के लिए ईडी–एएंडएन को निर्देशित करने के लिए याचिका दायर करने के लिए शुल्क	5,000/–
31.	09.01.2018	ईडी–गोवा	वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ याचिका दायर करने के लिए अतिरिक्त शुल्क	10,00,000/–
32.	11.01.2018	ईडी–लक्षद्वीप	वित्त वर्ष 2018–19 के लिए टैरिफ याचिका दायर करने के लिए अतिरिक्त शुल्क	10,00,000/–
33.	15.03.2018	मैसर्स टैगोर थियेटर सोसायटी, चंडीगढ़	याचिका दायर करने के लिए शुल्क	5,000/–
34.	22.03.2018	सूर्यचक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड	धारा 83 और ईए, 2003 के अन्य प्रावधानों के तहत याचिका	5,000/–
35.	16.03.2018	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	एनटीपीसी बनाम ईडी–अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ पीपीए दाखिल करने के लिए शुल्क	2,00,000/–
36.	28.03.2018	डीएनएच का मैसर्स एपीसीपीआई	वित्त वर्ष 18–19 के लिए डीएनएच के टैरिफ आदेश की समीक्षा के लिए याचिका दायर करने हेतु शुल्क	50,000/–
			कुल	**2,86,70,219/–**

JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION
(FOR THE STATE OF GOA & UNION TERRITORIES)

10th ANNUAL REPORT

For the Financial Year

2017-18

(Under Section 105 of the Electricity Act, 2003)

Joint Electricity Regulatory Commission
(For the State of Goa and Union Territories)
3rd & 4th Floor, Plot No.55-56, Pathkind Lab Building,
Sector-18, Udyog Vihar, Phase-IV, Gurugram-122015(Haryana)
Website: www.jercuts.gov.in
E-mail: secy-jerc@nic.in

CONTENTS

Sl. No.	Contents	Page Nos.
	From the Desk of the Chairman	3
1.	**ORGANIZATIONAL SETUP OF THE COMMISSION**	
1.1	Introduction	4
1.2	Profile of the Members of the Commission	5-6
1.3	Office of the Commission	7
1.4	Organization Chart	8
2.	**ROLE OF THE COMMISSION UNDER THE ELECTRICITY ACT, 2003**	
2.1	The Preamble to the Act	9
2.2	The Functions mandated to the Commission	9-10
3.	**HIGHLIGHTS OF THE FINANCIAL YEAR 2017-18**	
3.1	Framing/Amendment of new Regulations	11
3.2	ARR and Tariff determination for the FY 2018-19	12
3.3	Important parameters of the electricity utilities under jurisdiction of JERC	13
3.4	State Advisory Committee Meetings	14
3.5	Status of Petitions	15
3.6	Adjudication of Disputes and Differences	16-17
4.	**ANNUAL ACCOUNTS**	
4.1	Income and Expenditure statement	18-19
4.2	Fees and Charges	20
5.	**INFORMATION UNDER THE RIGHT TO INFORMATION ACT, 2005**	20
6.	**WORK PLAN FOR YEAR AHEAD**	21-22
7.	**ANNEXURES**	23-28

FROM THE DESK OF THE CHAIRMAN

It gives me great pleasure to present the tenth Annual Report of the Joint Electricity Regulatory Commission (For the State of Goa and Union Territories) for the financial year 2017-18. This Annual Report is prepared in compliance to the provisions of Section 105 of the Electricity Act, 2003, and contains a summary of the activities carried out by the Commission alongwith glimpse of Annual accounts for the financial year 2017-18; and also, the activities planned for the ensuing financial year 2018-19.

I am delighted to inform that for the first time, the Commission had issued all the nine Tariff Orders, which includes 7 Distribution Retail Tariff Orders for distribution utilities viz Goa, Dadra and Nagar Haveli, Daman & Diu, Chandigarh, Puducherry, Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep, one Generation Tariff Order for Puducherry Power Corporation Limited and one Transmission Tariff Order for Transmission utility of Dadra and Nagar Haveli within stipulated date as per Act i.e. before 31st March, 2018. The exercise of issue of tariff Orders included fixation of retail tariff for the FY 2018-19, true up of past year/(s) based on audited accounts and the Annual Performance Review based on estimates of the previous year.

